दिन–बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 26 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्र आज पचहत्तरवां संविधान दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली स्थित संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संविधान की प्रस्तावना पढी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि संविधान राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला है और यह राष्ट्र को आगे बढ़ाने, औपनिवेशिक मानसिकता के स्थान पर राष्ट्रवादी दृष्टिकोण स्थापित करने का मार्गदर्शक ढाँचा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि संविधान, स्वतंत्रता संग्राम में शामिल लाखों देशवासियों के सामूहिक ज्ञान, बलिदान और सपनों का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय मंत्रिडल के सदस्यगण और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

————————————————————————

प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पटना में नगर विकास और आवास विभाग कार्यालय में आयोजित समारोह के दौरान विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में अधिकारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। अररिया जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला जज गुंजन पांडेय की अध्यक्षता में न्यायधीशों, अधिवक्ताओं और कर्मियों ने संविधान की शपथ ली। अन्य स्थानों पर भी संविधान की प्रस्तावना का वाचन और संविधान की शपथ ली जा रही है।

————————————————————————

अठारहवीं विधानसभा का प्रथम सत्र एक दिसम्बर से पांच दिसम्बर तक चलेगा। पांच दिवसीय सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव नवनिर्वाचित विधायकों को सदन की सदस्यता की शपथ दिलायेंगे। दूसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। तीन दिसम्बर को राज्यपाल विधानमंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। चार दिसम्बर को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और वाद–विवाद के बाद सरकार का उत्तर होगा। जबकि सत्र के अंतिम दिन पांच दिसम्बर को द्वितीय अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद इसे स्वीकृति दी जाएगी।

————————————————————————

दिल्ली की राउज एवेन्यू न्यायायल ने आईआरसीटीसी होटल घोटाला मामले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की स्थानांतरण याचिका की सुनवाई करते हुये

सीबीआई को नोटिस जारी किया है। राबड़ी देवी ने इस मामले की सुनवाई कर रहे जज को बदलने का अनुरोध किया है। मामले की अगली सुनवाई छह दिसम्बर को होगी।

———————————————————————

पश्चिमी हवा के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों में न्यूनतम तापमान में औसतन दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की जा रही है। इसके कारण ठंड का एहसास बढ़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले कुछ दिनों तक तापमान में गिरावट की प्रवृति बनी रहेगी। वहीं, राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम भागों में विभिन्न स्थानों पर सुबह और शाम के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहाश छाये रहने की सम्भावना है।

———————————————————————

नशे के खिलाफ जन जागरूकता के लिए आज नशामुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर प्रभात फेरी, रैली और जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। मुंगेर के जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने इस अवसर पर समाहरणालय परिसर से नशामुक्ति रथ को रवाना किया। यह रथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को नशा के विरूद्ध जागरूक करेगा। इधर, शेखपुरा जिले में शिक्षा विभाग और उत्पाद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर नशामुक्ति का संदेश दिया। वहीं, कैमूर में जिला प्रशासन और उत्पाद विभाग की ओर से जिला मुख्यालय भभुआ में जागरूकता रैली निकाली गयी।

———————————————————————

राज्य सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुये सीमा सुरक्षा बल, बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज के पुत्र इमदाद रजा को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी दी है। सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने उन्हें आज नियुक्ति पत्र दिया।

———————————————————————

मुंगेर जिले के हमजापुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत मुंगेर–लखीसराय राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या अस्सी पर एक अनियंत्रित कार एक दुकान में घुस गयी। इस हादसे में तीन बच्चों समेत सात लोग घायल हो गये।

———————————————————————